(2) b → d → e → c → a
(3) d → a → e → c → b
(4) b → d → e → a → c

**122.** निम्नलिखित में से कितने पद, राइबोसोम से जुड़े/संबन्धित हैं?

| |
|---|
| पैलेड कण, अंगक के भीतर अंगक, झिल्ली-रहित, राइबोन्यूक्लियोप्रोटीन, प्रोटीन फैक्ट्री। |

**सही** विकल्प का चयन कीजिए।
(1) तीन
(2) चार
(3) दो
(4) पाँच

**123.** अनुषंगी युक्त गुणसूत्र
(1) में प्राथमिक संकीर्णन नहीं होता है
(2) में द्वितीयक संकीर्णन होता है
(3) में प्रतिकृतीयन नहीं होता है
(4) सदैव अंतकेंद्री होते हैं

**124.** साइक्लोस्पोरिन A
(1) *ग्लोमस* वंश से संबंधित कवक द्वारा उत्पादित किया जाता है
(2) रक्त कोलेस्ट्रॉल कम करने वाला एक कारक है
(3) एक प्रतिरक्षा दमनकारी कारक है
(4) फलों के रस को शुद्ध करने के लिए उपयोग किया जाता है

**125.** EMP पथक्रम में निम्नलिखित में से कौनसे एंजाइम शामिल होते हैं?
(a) हैक्सोकाइनेज
(b) सक्सिनेट डिहाइड्रोजिनेज
(c) फॉस्फोफ्रक्टोकाइनेज
(d) पायरूवेट डिहाइड्रोजिनेज
(1) (a) तथा (d)
(2) (b) तथा (c)
(3) (a) तथा (c)
(4) (b) तथा (d)

**126.** *सिलेजिनेला* और *साल्विनिया* जैसे वंश दो प्रकार के बीजाणु उत्पन्न करते हैं। ऐसे पादप कहलाते हैं
(1) विषमबीजाणुक
(2) होमोसॉरस
(3) हेटेरोसॉरस
(4) समबीजाणुक

**127.** निम्नलिखित में से कौनसी दो उपइकाई केवल यूकेरियोटिक कोशिकाओं में पाए जाने वाले राइबोसोम में होती हैं?
(1) 50S और 30S
(2) 40S और 20S
(3) 30S और 40S
(4) 60S और 40S

Aakash Medical|IIT-JEE|Foundations

**128.** Among the following tissues, which one is part of both stelar region and ground tissue system?
(1) Epidermis
(2) Endodermis
(3) Pericycle
(4) Vascular bundles

**129.** Hydrocolloid carrageen is obtained from:
(1) Rhodophyceae only
(2) Phaeophyceae only
(3) Chlorophyceae and Phaeophyceae
(4) Phaeophyceae and Rhodophyceae

**130.** The ovary in the flowers of all the given plants is superior, **except**
(1) Mustard
(2) Brinjal
(3) China rose
(4) Cucumber

**131.** **Assertion (A):** The $Na^+$ – $K^+$ pump creates a steep concentration gradient of ions and a net negative charge inside, making the axonal membrane ready to generate a signal.
**Reason (R):** This pump actively pumps 2 sodium ions out of the cell for every 3 potassium ions, leading to a net loss of one positive charge per cycle which directly contributes to the negative charge inside the cell.
In the light of above statements, choose the **correct** option.
(1) (A) is true but (R) is false
(2) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A)
(3) Both (A) and (R) are false
(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A)

**132.** Thyroid lobes are located on either side of the
(1) Trachea
(2) Pharynx
(3) Oesophagus
(4) Sternum

**133.** If a frog is kept in a dry environment, it will show reduced oxygen levels in its body. This occurs mainly because
(1) Dry skin with scales prevents the absorption of nutrients in frog
(2) Loss of moisture through evaporation affects its cutaneous respiration
(3) It can regulate its body temperature only in moist environment
(4) Mucus gland present on its skin prevents moistening of skin

**134.** Myasthenia gravis is caused due to
(1) An auto-immune response which is characterized by the production of antibodies against acetylcholine receptors
(2) Genetic conditions, that leads to degeneration of skeletal and smooth muscle fibres
(3) Absence of calcium ions in the sarcoplasm
(4) Defective ATP synthesis

**135.** In a fully contracted state of a skeletal muscle fibre which of the following is **not** observed?
(1) Increased actin-myosin overlap
(2) Disappearance of H-zone
(3) Maximum I-band length
(4) Z-lines move closer

**128.** निम्नलिखित में से कौनसा ऊतक, रंभीय क्षेत्र और भरण ऊतक तंत्र दोनों का भाग है?
(1) बाह्यत्वचा
(2) अंतस्त्वचा
(3) परिरंभ
(4) संवहनी बंडल

**129.** हाइड्रोकोलॉइड कैरागीन किससे प्राप्त होता है?
(1) केवल रोडोफाइसी
(2) केवल फियोफाइसी
(3) क्लोरोफाइसी और फियोफाइसी
(4) फियोफाइसी और रोडोफाइसी

**130.** दिए गए किस पादप के **अतिरिक्त** अन्य सभी पादपों के पुष्पों में अंडाशय ऊर्ध्ववर्ती होता है?
(1) सरसों
(2) बैंगन
(3) गुड़हल
(4) खीरा

**131.** **कथन (A):** $Na^+$ – $K^+$ पंप आयनों का एक तीव्र सांद्रण प्रवणता और अंदर की ओर एक नेट ऋणात्मक आवेश उत्पन्न करता है, जिससे तंत्रिकाक्षीय झिल्ली संकेत उत्पन्न करने के लिए तैयार हो जाती है।
**कारण (R):** यह पंप प्रत्येक 3 पोटैशियम आयनों के बदले 2 सोडियम आयनों को कोशिका से सक्रिय रूप से बाहर पंप करता है, जिसके परिणामस्वरूप प्रति चक्र एक धनात्मक आवेश की हानि होती है, जो सीधे तौर पर कोशिका के अंदर ऋणात्मक आवेश में योगदान देती है।
उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में **सही** विकल्प का चयन कीजिए।
(1) (A) सत्य है लेकिन (R) असत्य है
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है
(3) (A) और (R) दोनों असत्य हैं
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है

**132.** थाइरॉइड पालियाँ किसके दोनों ओर स्थित होती हैं?
(1) श्वास नली
(2) ग्रसनी
(3) ग्रसिका
(4) उरोस्थि

**133.** अगर किसी मेंढक को शुष्क वातावरण में रखा जाए, तो उसके शरीर में ऑक्सीजन का स्तर कम हो जाएगा। ऐसा मुख्य रूप से इसलिए होता है क्योंकि
(1) शल्कयुक्त शुष्क त्वचा मेंढक में पोषक तत्वों के अवशोषण को रोकती है
(2) वाष्पीकरण के कारण नमी की हानि उसकी त्वचीय श्वसन प्रक्रिया को प्रभावित करती है
(3) यह अपने शरीर के तापमान को केवल नम वातावरण में ही नियंत्रित कर सकती है
(4) इसकी त्वचा पर मौजूद श्लेष्म ग्रंथि त्वचा को नम होने से रोकती है

**134.** मायस्थेनिया ग्रेविस किसके कारण होता है?
(1) एक स्व प्रतिरक्षा अनुक्रिया जिसमें एसिटाइलकोलाइन ग्राही के विरुद्ध प्रतिरक्षी का उत्पादन होता है
(2) आनुवंशिक स्थितियां, जिसके कारण कंकाल और चिकनी पेशी तंतु का अपह्रासन होता है
(3) सार्कोप्लाज्म में कैल्शियम आयनों की अनुपस्थिति
(4) दोषपूर्ण ATP संश्लेषण

**135.** कंकाल पेशी तंतु की पूर्ण रूप से संकुचित अवस्था में निम्नलिखित में से कौन सा **नहीं** देखा जाता है?
(1) एक्टिन-मायोसिन ओवरलैप में वृद्धि
(2) H-क्षेत्र का विलुप्त होना
(3) I-बैंड की अधिकतम लंबाई
(4) Z-रेखाएँ एक-दूसरे के निकट आती हैं

Aakash Medical | IIT-JEE | Foundations

**136.** Voluntary termination of pregnancy is risky for a woman who is five months pregnant, thus in India, it is
(1) Never recommended
(2) Only recommended on expert opinion of at least one registered medical practitioner
(3) Done by unqualified quacks only
(4) Only recommended on similar opinion of at least two registered medical practitioners

**137.** In a human, how many secondary spermatocytes are needed for the formation of 144 spermatozoa?
(1) 36
(2) 64
(3) 72
(4) 54

**138.** Progestasert is similar to oral steroidal contraceptive pills in all of the following features, **except**
(1) Prevent implantation
(2) Reversible in nature
(3) Alter the quality of cervical mucus to retard the entry of sperms
(4) Method of administration and effective period

**139.** A student found three vertebrates, 'X', 'Y' from ocean and 'Z' from fresh water body. After careful study, he enlisted features, few of which are given below:
• 'X' has a suctorial mouth and acts as an ectoparasite on certain organisms but lacks paired fins.
• Both 'Y' and 'Z' possess jaws and streamlined body.
• 'Z' exhibits internal fertilisation and possesses cartilaginous vertebral column but lacks operculum. 'Y' possesses operculum.
Identify 'X', 'Y' and 'Z' and select the **incorrect** option w.r.t. them.
(1) 'X' possesses blood capillaries, unlike *Pila*
(2) Notochord is persistent throughout the life in 'Z', alike 'X'
(3) Skin of 'Z' is covered by ctenoid scales, unlike 'Y'
(4) 'Y' need not swim constantly as it can maintain buoyancy

**140.** Select the **correct** statement.
(1) All animals possess a muscular chambered heart.
(2) All fishes pump out oxygenated blood from their ventricles.
(3) All reptiles possess a single ventricle where oxygenated and deoxygenated blood is mixed prior to being pumped out to body.
(4) In all birds, left and right atria receive oxygenated and deoxygenated blood respectively, which is then passed into their corresponding ventricles.

**141.** Select the **correct** order of organisms w.r.t. the toxicity of nitrogenous wastes secreted by them (low to high)
(1) Land snails > Aquatic insects > Marine fishes
(2) Reptiles < Many bony fishes < Land snails
(3) Reptiles < Marine fishes < Aquatic insects
(4) Terrestrial amphibians < Aquatic amphibians < Birds

**136.** पांच महीने की गर्भवती महिला के लिए अपनी मर्ज़ी से गर्भपात करवाना जोखिम भरा होता है, इसलिए भारत में
(1) यह कभी भी अनुशंसित नहीं है
(2) यह केवल कम-से-कम एक पंजीकृत चिकित्सक की राय पर ही अनुशंसित है
(3) यह काम केवल अयोग्य नीम हकीमों द्वारा किया जाता है
(4) इसकी सलाह केवल तभी दी जाती है जब कम से कम दो पंजीकृत चिकित्सकों की एकराय एक समान हो

**137.** एक मनुष्य में, 144 शुक्राणुओं के निर्माण के लिए कितने द्वितीयक शुक्राणु कोशिकाओं की आवश्यकता होती है?
(1) 36
(2) 64
(3) 72
(4) 54

**138.** प्रोजेस्टासर्ट किसके **अतिरिक्त** निम्नलिखित सभी विशेषताओं में मौखिक स्टेरायडल गर्भनिरोधक गोलियों के समान है?
(1) अंतर्रोपण को रोकना
(2) प्रकृति में उत्क्रमणीय
(3) शुक्राणुओं के प्रवेश को धीमा करने के लिए ग्रीवा श्लेष्म की गुणवत्ता में बदलाव करना
(4) देने की विधि और प्रभावी अवधि

**139.** एक छात्र को समुद्र से तीन कशेरुकी जीव—'X' और 'Y'—तथा अलवणीय जल के स्रोत से 'Z' मिला। गहन अध्ययन के बाद, उसने उनकी कुछ विशेषताएँ सूचीबद्ध कीं, जिनमें से कुछ नीचे दी गई हैं:
• 'X' का मुख चूषक प्रकार का होता है और यह कुछ जीवों पर बाह्य-परजीवी के रूप में रहता है, लेकिन इसमें युग्मित पंख नहीं होते।
• 'Y' और 'Z' दोनों में ही जबड़े होते हैं और उनका शरीर धारा-रेखीय होता है।
• 'Z' में आंतरिक निषेचन होता है और इसमें उपास्थिमय कशेरुक दंड पाया जाता है, लेकिन इसमें प्रच्छद नहीं होता। 'Y' में प्रच्छद पाया जाता है।
'X', 'Y' और 'Z' की पहचान कीजिए और उनके संदर्भ में **गलत** विकल्प का चयन कीजिए।
(1) 'X' में रक्त केशिकाएँ होती हैं, *पाइला* के विपरीत
(2) 'Z' में पृष्ठरज्जु पूरे जीवन भर बनी रहती है, 'X' के समान
(3) 'Z' की त्वचा टीनोइड शल्कों से ढकी होती है, 'Y' के विपरीत
(4) 'Y' को लगातार तैरने की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि यह उत्प्लावकता बनाए रख सकता है

**140.** **सही** कथन का चयन कीजिए।
(1) सभी जंतुओं में एक पेशीय कक्षीय हृदय होता है
(2) सभी मछलियाँ अपने निलय से ऑक्सीजनित रक्त बाहर निकालती हैं
(3) सभी सरीसृपों में एकल निलय होता है जहां शरीर में पंप किए जाने से पहले ऑक्सीजनित और विऑक्सीजनित रक्त मिलाया जाता है
(4) सभी पक्षियों में, बाएँ और दाएँ अलिंद में क्रमशः ऑक्सीजनित और विऑक्सीजनित रक्त प्राप्त होता है, जिसे बाद में उनके संबंधित निलय में भेजा जाता है

**141.** जीवों (निम्न से उच्च) द्वारा स्रावित नाइट्रोजनयुक्त अपशिष्टों की विषाक्तता के संदर्भ में जीवों के **सही** क्रम का चयन कीजिए ।
(1) स्थलीय घोंघे > जलीय कीट > समुद्री मछलियाँ
(2) सरीसृप < कई अस्थिल मछलियां < स्थलीय घोंघे
(3) सरीसृप < समुद्री मछलियां < जलीय कीट
(4) स्थलीय उभयचर < जलीय उभयचर < पक्षी

Aakash Medical|IIT-JEE|Foundations

**142.** Read the following statements w.r.t. a standard ECG:
**Statement A:** The QRS complex begins as a downward deflection, continues as a large, upright, triangular wave.
**Statement B:** The number of QRS complexes that occur in a given time period represents heart beat rate of an individual.
Choose the **correct** option.
(1) Both statements A and B are correct
(2) Both statements A and B are incorrect
(3) Only statement A is correct
(4) Only statement B is correct

**143.** "Stone or insoluble mass of crystallised salts has formed within the ureters"
The disorder explained above is most likely to cause
(1) Increased back pressure in kidneys due to obstruction
(2) Increased glomerular filtration rate
(3) Increased glomerular capillary blood pressure permanently
(4) Stop the secretion of ADH

**144.** A 22 year old $Rh^{-ve}$ woman is brought to the emergency department following an accident and receives $Rh^{+ve}$ RBCs during blood transfusion. She fortunately recovers and two years later, she conceives a child with an $Rh^{+ve}$ partner. During her first pregnancy, which of the following is the most likely outcome?
(1) The previously transfused $Rh^{+ve}$ RBCs will recognize the $Rh^{+ve}$ RBCs of the foetus, but no maternal antibodies will be formed
(2) Since it is her first pregnancy, the Rh status of the foetus remains irrelevant
(3) Because the mother's immune system was sensitised to the $Rh^{+ve}$ antigen during the previous transfusion, erythroblastosis foetalis is possible
(4) Since maternal blood is typically exposed to foetal blood only during delivery, the foetus will always remain safe

**145.** Read the following statements w.r.t. humans:
**Statement A:** The rate of diffusion is faster when the difference between $pO_2$ in alveolar air and pulmonary blood capillary is larger.
**Statement B:** If the thoracic cavity is opened to the exterior, the intrapleural pressure would become equal to the atmospheric pressure.
Choose the **correct** option.
(1) Both statements A and B are correct
(2) Both statements A and B are incorrect
(3) Only statement A is correct
(4) Only statement B is correct

**142.** मानक ECG के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :
**कथन A:** QRS समिश्र नीचे की ओर विक्षेपण के रूप में शुरू होता है, एक बड़ी, सीधी, त्रिकोणीय तरंग के रूप में जारी रहता है।
**कथन B:** एक निश्चित समयावधि में होने वाले QRS समिश्रों की संख्या किसी व्यक्ति की हृदय गति को दर्शाती है।
**सही** विकल्प का चयन कीजिए।
(1) A और B दोनों कथन सही हैं
(2) A और B दोनों कथन गलत हैं
(3) केवल कथन A सही है
(4) केवल कथन B सही है

**143.** "मूत्रवाहिनियों के भीतर क्रिस्टलीकृत लवणों का पत्थर या अघुलनशील पिंड बन गया है।"
ऊपर वर्णित विकार के कारण
(1) बाधा की वजह से वृक्कों में बैक प्रेशर बढ़ने की सबसे अधिक संभावना होती है
(2) सबसे अधिक संभावना है कि ग्लोमेरुलर निस्यंदन दर में वृद्धि होना
(3) सबसे अधिक संभावना है कि ग्लोमेरुलर केशिकाओं का रक्तचाप स्थायी रूप से बढ़ जाएगा
(4) ADH का स्राव रुक जाने की सबसे अधिक संभावना है

**144.** एक 22 वर्षीय $Rh^{-ve}$ महिला को एक दुर्घटना के बाद इमरजेंसी डिपार्टमेंट में लाया जाता है, और रक्त आधान के दौरान उसे $Rh^{+ve}$ RBCs दिए जाते हैं। सौभाग्य से वह ठीक हो जाती है, और दो वर्ष बाद, वह एक $Rh^{+ve}$ पार्टनर के साथ गर्भधारण करती है। उसकी पहली प्रेग्नेंसी के दौरान, निम्नलिखित में से सबसे संभावित परिणाम क्या होगा?
(1) पहले से ट्रांसफ्यूज़ की गई $Rh^{+ve}$ RBCs, भ्रूण की $Rh^{+ve}$ RBCs को पहचान लेंगी, लेकिन माँ के शरीर में कोई प्रतिरक्षी नहीं बनेगी
(2) चूँकि यह उसकी पहली गर्भावस्था है, इसलिए भ्रूण का Rh स्टेटस अप्रासंगिक रहता है
(3) चूँकि पिछले रक्त-आधान के दौरान माँ का प्रतिरक्षा तंत्र $Rh^{+ve}$ प्रतिजन के प्रति संवेदनशील हो गया था, इसलिए एरिथ्रोब्लास्टोसिस फीटैलिस होने की संभावना है
(4) चूंकि मातृ रक्त आमतौर पर केवल प्रसव के दौरान भ्रूण के रक्त के संपर्क में आता है, इसलिए भ्रूण हमेशा सुरक्षित रहेगा

**145.** मनुष्यों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :
**कथन A:** विसरण की दर तब अधिक तेज़ होती है, जब कूपिका वायु और फुफ्फुसीय रक्त केशिका में $pO_2$ के बीच का अंतर अधिक होता है।
**कथन B:** यदि वक्ष गुहा को बाहर की ओर खोल दिया जाए, तो अंतराफुफ्फुसीय दाब वायुमंडलीय दाब के बराबर हो जाएगा।
**सही** विकल्प का चयन कीजिए।
(1) A और B दोनों कथन सही हैं
(2) A और B दोनों कथन गलत हैं
(3) केवल कथन A सही है
(4) केवल कथन B सही है

Aakash Medical|IIT-JEE|Foundations

**146.** Match column I with column II and select the **correct** option.

| | Column I | | Column II |
|---|---|---|---|
| a. | Collagen | (i) | Most abundant protein in the whole of the biosphere |
| b. | RuBisCO | (ii) | Most abundant protein in animal world |
| c. | Cellulose | (iii) | Hormone that increases blood glucose levels |
| d. | Glucagon | (iv) | Homopolymer which is also a secondary metabolite |

(1) a(ii), b(iv), c(iii), d(i)
(2) a(iii), b(iv), c(ii), d(i)
(3) a(i), b(ii), c(iii), d(iv)
(4) a(ii), b(i), c(iv), d(iii)


**146.** कॉलम I का कॉलम II से मिलानकर **सही** विकल्प का चयन कीजिए।


| | **कॉलम I** | | **कॉलम II** |
|---|---|---|---|
| a. | कोलैजन | (i) | सम्पूर्ण जीवमंडल में सर्वाधिक प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला प्रोटीन |
| b. | RuBisCO | (ii) | जंतु जगत में सर्वाधिक प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला प्रोटीन |
| c. | सेलुलोज | (iii) | हार्मोन जो रक्त ग्लूकोज के स्तर को बढ़ाता है |
| d. | ग्लाइकोजन | (iv) | समबहुलक जो एक द्वितीयक उपापचयज भी है |


(1) a (ii), b (iv), c (iii), d (i)
(2) a (iii), b (iv), c (ii), d (i)
(3) a (i), b (ii), c (iii), d (iv)
(4) a (ii), b (i), c (iv), d (iii)


Aakash
Medical|IIT-JEE|Foundations

**147.** Following graphs represent activity of enzyme versus pH. Choose the graph which **correctly** represents the effect of pH on the activity of enzyme.

(1) 


(2) 



(3) 



(4) 



**148.** Select the **incorrect** match w.r.t. the formed elements and their numbers in a healthy individual.


(1) Basophils - 2–3 per cent of total WBCs
(2) Neutrophils - 60–65 per cent of total WBCs
(3) Monocytes - 6–8 per cent of total WBCs
(4) Lymphocytes - 20–25 per cent of total WBCs

**147.** निम्नलिखित आरेख एंजाइम बनाम pH की सक्रियता को दर्शाते हैं। उस आरेख का चयन कीजिए जो एंजाइम की सक्रियता पर pH के प्रभाव को **सही** दर्शाता है।

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


**148.** एक स्वस्थ व्यक्ति में निर्मित तत्वों और उनकी संख्या के संदर्भ में **गलत** मिलान का चयन कीजिए।

(1) बेसोफिल्स - कुल WBCs का 2–3 प्रतिशत
(2) न्यूट्रोफिल - कुल WBCs का 60–65 प्रतिशत
(3) मोनोसाइट्स - कुल WBCs का 6–8 प्रतिशत
(4) लिम्फोसाइट्स - कुल WBC का 20–25 प्रतिशत


**149.** Towards the centre of the inner concave surface of the kidneys is a notch called 'A'. Inner to 'A' is a broad funnel shaped space called 'B'. Select the option that correctly identifies 'A' and 'B'.

| | A | B |
|---|---|---|
| (1) | Hilum | Renal pelvis |
| (2) | Hilum | Calyces |
| (3) | Pelvis | Hilum |
| (4) | Pelvis | Bowman's capsule |

(1) (1)
(2) (2)
(3) (3)
(4) (4)

**150.** Read the following statements
(a) In *Locusta*, statocyst and two pairs of eyes are present.
(b) The circulatory system of silkworm is similar to that of earthworm.
(c) *Limulus* is a bilaterally symmetrical, segmented and coelomate animal.
(d) Body of butterfly is covered by a chitinous exoskeleton which is a complex polysaccharide.
How many of the statements given above is/are correct?
(1) Four
(2) Three
(3) Two
(4) One

**151.** Observe the figure given below.



Select the **incorrect** option w.r.t. this figure.
(1) Platyhelminths have the above type of coelomic arrangement
(2) It represents true coelom which is lined by mesoderm
(3) *Ancylostoma* does not exhibit this type of condition
(4) Arthropods have this kind of coelomic cavity

**152.** In human males, primary sex organ is situated within a pouch called 'X'. Select the **incorrect** option w.r.t. 'X'.
(1) 'X' is located outside the abdominal cavity
(2) 'X' is responsible for protecting the testes
(3) 'X' is homologous to the labia majora of females
(4) 'X' helps in maintaining the temperature higher than the normal internal body temperature, which is necessary for spermatogenesis

**153.** During the period of intense lactation (following parturition), there is no ovulation and menstruation. Which condition is primarily responsible for this?
(1) High levels of GnRH
(2) High levels of prolactin
(3) High levels of gonadotropin
(4) High levels of estrogen and progesterone


**149.** वृक्क की भीतरी अवतल सतह के मध्य में एक खांच होती है जिसे 'A' कहते हैं। 'A' के भीतर एक चौड़ी कीप के आकार की रचना होती है जिसे 'B' कहते हैं।
उस विकल्प का चयन कीजिए जो 'A' और 'B' की सही रूप से पहचान करता है।

| | A | B |
|---|---|---|
| (1) | हाइलम | वृक्कीय श्रोणि |
| (2) | हाइलम | चषक |
| (3) | श्रोणि | हाइलम |
| (4) | श्रोणि | बोमेन संपुट |

(1) (1)
(2) (2)
(3) (3)
(4) (4)

**150.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए।
(a) *लोकस्टा* में, स्टेटोसिस्ट और दो जोड़ी नेत्र उपस्थित होते हैं।
(b) रेशमकृमि का परिसंचरण तंत्र केंचुए के समान होता है।
(c) *लिमुलस* एक द्विपार्श्व रूप से सममित, खंडित और प्रगुही प्राणी है।
(d) तितली का शरीर एक काइटिनी बहिःकंकाल से ढका होता है जो एक जटिल पॉलीसैकेराइड है।
ऊपर दिए गए कथनों में से कितने सही है/हैं?
(1) चार
(2) तीन
(3) दो
(4) एक

**151.** नीचे दिये गए चित्र का अवलोकन कीजिए ।



इस चित्र के संदर्भ में **गलत** विकल्प का चयन कीजिए ।
(1) प्लैटिहेल्मिंथीज में उपरोक्त प्रकार की प्रगुहा व्यवस्था होती है
(2) यह वास्तविक प्रगुहा को दर्शाता है जो मीजोडर्म द्वारा आस्तरित होता है
(3) *एनसाइलोस्टोमा* इस प्रकार की स्थिति प्रदर्शित नहीं करता है
(4) आर्थ्रोपोड्स में इस प्रकार की प्रगुहा गुहा होती है

**152.** पुरुषों में प्राथमिक लैंगिक अंग 'X' नामक थैली के भीतर स्थित होता है। 'X' के संदर्भ में **गलत** विकल्प का चयन कीजिए।
(1) 'X' उदरीय गुहा के बाहर स्थित है
(2) 'X' वृषण की सुरक्षा के लिए उत्तरदायी है
(3) 'X' महिलाओं के बृहद् भगोष्ठ के समजात है
(4) 'X' शरीर के सामान्य आंतरिक तापमान से अधिक तापमान बनाए रखने में सहायता करता है, जो शुक्रजनन के लिए आवश्यक है

**153.** शिशु को भरपूर स्तनपान कराने की अवधि के दौरान (प्रसव के पश्चात) अंडोत्सर्ग और माहवारी नहीं होती है। इसके लिए कौनसी स्थिति मुख्य रूप से उत्तरदायी होती है?
(1) GnRH का उच्च स्तर
(2) प्रोलेक्टिन का उच्च स्तर
(3) गौनेडोट्रोपिन का उच्च स्तर
(4) एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरॉन का उच्च स्तर

**154.** How many of the plant forms mentioned in the box below did not originate from Psilophyton?

| |
|---|
| Zosterophyllum, Ginkgos, Conifers, Bryophytes, Ferns, Gnetales, Sphenopsids, Arborescent lycopods |

Select the **correct** option.
(1) Three
(2) Five
(3) Four
(4) Two

**155.** Tasmanian tiger cat shows convergent evolution with which placental mammal?
(1) Lemur
(2) Flying squirrel
(3) Anteater
(4) Bobcat

**156.** How many doublets of microtubules are arranged peripherally in the axoneme of flagella?
(1) 18
(2) 22
(3) 20
(4) 9

**157.** Read the following statements and state them as **true (T)** or **false (F)**.
a. An organism referred to as 'algae', is more likely to be photosynthetic.
b. Any plant, scientifically referred to as 'Moss', is more likely to be ecologically important than economically.
c. Any plant, morphologically referred to as 'Fern', is more likely to be macrophyllous than microphyllous.
d. A plant, referred to as 'Horse tail', is more likely to possess cones.
Choose the **correct** option.

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | T | T | F | F |
| (2) | F | F | T | T |
| (3) | F | T | T | F |
| (4) | T | T | T | T |

(1) (1)
(2) (2)
(3) (3)
(4) (4)

**158.** Identify the **mismatched** pair.

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | *Paramoecium* | – | Possesses gullet |
| (2) | Bacteria | – | Citrus canker |
| (3) | Chrysophytes | – | Diatomaceous earth |
| (4) | *Trypanosoma* | – | Have silica shells on their surface |

(1) (1)
(2) (2)
(3) (3)
(4) (4)

**159.** The untangling of chromatin material occurs during the phase of cell division called
(1) Metaphase
(2) Telophase
(3) Prophase
(4) Anaphase

**154.** नीचे बॉक्स में उल्लिखित कितने पादप रूपों की उत्पत्ति साइलोफाइटोन से नहीं हुई थी?

| |
|---|
| ज़ोस्टेरोफाइलम, जिन्कगो, कोनिफ़र्स, ब्रायोफाइट्स, फ़र्न, नीटेल्स, स्फीनोप्सिड्स, वृक्षवत् लाइकोपोड्स |

**सही** विकल्प का चयन कीजिए।
(1) तीन
(2) पांच
(3) चार
(4) दो

**155.** तस्मानियाई टाइगर कैट किस अपरा स्तनधारी के साथ अभिसारी विकास दर्शाती है?
(1) लेमर
(2) उड़न गिलहरी
(3) चींटीखोर
(4) बौबकैट

**156.** कशाभिका के अक्षसूत्र में सूक्ष्मनलिकाओं के कितने द्विक परिधीय रूप से व्यवस्थित रहते हैं?
(1) 18
(2) 22
(3) 20
(4) 9

**157.** निम्नलिखित कथनों को पढ़कर उन्हें **सत्य (T)** या **असत्य (F)** बताएं।
a. शैवाल कहे जाने वाले किसी भी जीव के प्रकाशसंश्लेषी होने की संभावना अधिक होती है।
b. वैज्ञानिक रूप से 'मॉस' कहे जाने वाले किसी भी पादप के आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण होने की तुलना में पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण होने की संभावना अधिक होती है।
c. आकारिकी के आधार पर 'फर्न' कहे जाने वाले किसी भी पादप के लघुपर्णीय होने की तुलना में वृहतपर्णीय होने की संभावना अधिक होती है।
d. 'हॉर्स टेल' कहे जाने वाले किसी भी पादप में शंकु पाए जाने की संभावना अधिक होती है।
**सही** विकल्प का चयन कीजिए।

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | T | T | F | F |
| (2) | F | F | T | T |
| (3) | F | T | T | F |
| (4) | T | T | T | T |

(1) (1)
(2) (2)
(3) (3)
(4) (4)

**158.** **असुमेलित** युग्म की पहचान कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | *पैरामीशियम* | – | ग्रसिका युक्त होता है |
| (2) | जीवाणु | – | सिट्रस कैंकर होता है |
| (3) | क्राइसोफाइट | – | डाइएटमी मृदा होती है |
| (4) | *ट्रिपैनोसोमा* | – | इनकी सतह पर सिलिका के कवच होते हैं |

(1) (1)
(2) (2)
(3) (3)
(4) (4)

**159.** क्रोमैटिन पदार्थ का विकुंडलन कोशिका विभाजन की किस प्रावस्था के दौरान होता है?
(1) मध्यावस्था
(2) अंत्यावस्था
(3) पूर्वावस्था
(4) पश्चावस्था

Aakash Medical | IIT-JEE | Foundations

**160.** Open vascular bundle is a feature of
(1) Dicot leaf
(2) Dicot stem
(3) Monocot stem
(4) Monocot leaf


**161.** Read the following statements carefully.
a. The brewing industry benefits from this hormone, as it increases the rate of production of fermentable sugars from seeds.
b. The spraying of this PGR on sugarcane plants promotes internode elongation.
c. This PGR is applied to induce thinning in cotton.
d. This PGR can be isolated from natural sources such as a parasitic fungus on rice plant.
How many of the above statements is/are **true** regarding Gibberellic acids?
(1) One
(2) Two
(3) Three
(4) Four

**162.** Respiratory ratio of proteins is about
(1) 1
(2) 0.7
(3) 1.2
(4) 0.9

**163.** Which of the following tissues is **not** formed by dedifferentiation?
(1) Intrafascicular cambium
(2) Interfascicular cambium
(3) Wound cambium
(4) Cork cambium

**164.** In metacentric chromosome, centromere is present
(1) Slightly away from the centre of the chromosome
(2) At the centre of the chromosome
(3) Very close to one end of the chromosome
(4) At the terminal end of the chromosome

**165.** The following is the arrangement of two linked genes in the gametocyte cell of a male fruitfly. The frequency of recombination is observed to be 30%.




If this individual is crossed with a female fruitfly that is homozygous recessive for both gene pairs, what proportion of progeny out of 100 would be dihybrid?
(1) 35
(2) 15
(3) 30
(4) 70

**166.** Which of the given fungi is used in making bread and beverages?
(1) *Penicillium roquefortii*
(2) *Penicillium notatum*
(3) *Saccharomyces cerevisiae*
(4) *Aspergillus niger*

**160.** खुले संवहन बंडल किसकी विशेषता है?
(1) द्विबीजपत्री पर्ण
(2) द्विबीजपत्री तना
(3) एकबीजपत्री तना
(4) एकबीजपत्री पर्ण


**161.** निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए।
a. इस हार्मोन से आसवन उद्योग में लाभ होता है, क्योंकि यह बीजों से किण्वित शर्करा के उत्पादन की दर को बढ़ाता है।
b. गन्ने के पादपों पर इस PGR का छिड़काव करने से पर्वों की लंबाई बढ़ती है।
c. इस PGR का उपयोग कपास में विरलन के प्रेरण हेतु किया जाता है।
d. इस PGR को धान के पादप पर पाए जाने वाले परजीवी कवक जैसे प्राकृतिक स्रोतों से अलग किया जा सकता है।
जिब्बरेलिक अम्ल के संबंध में उपरोक्त कथनों में से कितने कथन **सत्य** हैं?
(1) एक
(2) दो
(3) तीन
(4) चार

**162.** प्रोटीन का श्वसन अनुपात लगभग होता है
(1) 1
(2) 0.7
(3) 1.2
(4) 0.9

**163.** निम्नलिखित में से कौनसा ऊतक निर्विभेदन द्वारा **नहीं** बनता है?
(1) अंत:पूलीय एधा
(2) अंतरपूलीय एधा
(3) क्षत एधा
(4) कॉर्क एधा

**164.** मध्यकेंद्री गुणसूत्र में गुणसूत्रबिंदु उपस्थित होता है
(1) गुणसूत्र के केंद्र से थोड़ा दूर
(2) गुणसूत्र के केंद्र में
(3) गुणसूत्र के एक छोर के बहुत निकट
(4) गुणसूत्र के अंतिम छोर पर

**165.** नीचे नर फल मक्खी की युग्मक कोशिका में दो सहलग्न जीनों की व्यवस्था दी गयी है। इसमें पुनर्योजन की आवृत्ति 30% पाई गई है।




यदि इस व्यष्टि का ऐसी मादा फल मक्खी से संकरण कराया जाए जो दोनों जीन युग्मों के लिए समयुग्मजी अप्रभावी है, तो 100 संततियों में से कितनी प्रतिशत द्विसंकर होंगी?
(1) 35
(2) 15
(3) 30
(4) 70

**166.** दिए गए कवक में से किसका उपयोग ब्रेड और पेय पदार्थ बनाने में किया जाता है?
(1) *पेनिसिलियम रोक्फोर्टी*
(2) *पेनिसिलियम नोटेटम*
(3) *सैकेरोमाइसीज सैरीवीसी*
(4) *एस्पर्जिलस नाइगर*

Aakash
Medical|IIT-JEE|Foundations

**167.** In the process of transcription in Eukaryotes, the RNA polymerase III transcribes.
(1) Precursor of mRNA
(2) All rRNAs
(3) tRNA, 5S rRNA and snRNAs
(4) 5S rRNA and m-RNA

**168.** Sacred groves of Khasi and Jaintia Hills are situated in
(1) Meghalaya
(2) Maharashtra
(3) Madhya Pradesh
(4) Karnataka

**169.** Which of the following is **incorrect** w.r.t. the members of Basidiomycetes?
(1) The asexual spores are generally not found
(2) Basidiospores are endogenously produced
(3) Sex organs are absent
(4) Mycelium is branched and septate

**170.** Highest number of species among vertebrates is found among
(1) Fishes
(2) Amphibians
(3) Birds
(4) Reptiles

**171.** Read the following statements.
a. Chewing tobacco increases blood pressure and heart rate.
b. Morphine is given to a person as a painkiller after surgery
c. Patients are advised to take cocaine which accelerates recovery after surgery
d. Cannabinoids are known for their effect on cardiovascular system of the body
Choose the option which contains the **correct** statements.
(1) a, b and c
(2) a, b and d
(3) b, c and d
(4) a, c and d

**172.** What happens to an alien piece of DNA which is linked to the origin of replication of plasmid, when it is transferred into a host?
(1) The transferred DNA will always mutate
(2) The rDNA will replicate autonomously in the progeny cells of the organism, independent of host's DNA
(3) The foreign DNA will always associate with the host cell genome for replication in any circumstances
(4) It will replicate rapidly and the alien cell will be killed by lysis

**173.** One can see bright $\underline{\text{ A }}$ coloured bands of DNA in $\underline{\text{ B }}$ stained agarose gel exposed to UV light. Choose the option that fills the blanks **correctly**

| | A | B |
|---|---|---|
| (1) | Pink | Methylene blue |
| (2) | Orange | Ethidium bromide |
| (3) | Blue | X-gal |
| (4) | Yellow | Gram stain |

(1) (1)
(2) (2)
(3) (3)
(4) (4)

**167.** यूकैरियोट्स में अनुलेखन की प्रक्रिया में, RNA पॉलीमरेज III अनुलेखित करता है।
(1) mRNA के पूर्ववर्ती
(2) सभी rRNA
(3) tRNA, 5S rRNA और snRNA
(4) 5S rRNA और m-RNA

**168.** खासी तथा जयंतिया पहाड़ियों के पवित्र उपवन कहाँ स्थित हैं?
(1) मेघालय
(2) महाराष्ट्र
(3) मध्य प्रदेश
(4) कर्नाटक

**169.** निम्नलिखित में से कौनसा कथन बेसिडिओमाइसिटीज के सदस्यों के संबंध में **गलत** है?
(1) अलैंगिक बीजाणु सामान्यतः नहीं पाए जाते हैं
(2) बेसिडियोस्पोर अंतर्जात रूप से निर्मित होते हैं
(3) लैंगिक अंग अनुपस्थित होते हैं
(4) कवकजाल शाखित और पटीय होता है

**170.** कशेरुकियों में सबसे अधिक प्रजातियाँ पाई जाती हैं
(1) मछलियों में
(2) उभयचरों में
(3) पक्षियों में
(4) सरीसृपों में

**171.** निम्नलिखित कथनों को पढ़िए
a. तम्बाकू चबाने से रक्तचाप और हृदय दर बढ़ जाती है।
b. सर्जरी के बाद दर्द निवारक के रूप में एक व्यक्ति को मॉर्फिन दिया जाता है
c. मरीजों को कोकेन लेने की सलाह दी जाती है जो सर्जरी के बाद ठीक होने में तेजी लाता है
d. कैनाबिनोइड्स को शरीर के हृदय तंत्र पर इनके प्रभाव के लिए जाना जाता है
**सही** कथनों वाले विकल्प का चयन कीजिए।
(1) a, b और c
(2) a, b और d
(3) b, c और d
(4) a, c और d

**172.** प्लाज्मिड की प्रतिकृति के उद्गम से जुड़े DNA के उस विजातीय खंड का क्या होता है, जिसे पोषी में स्थानांतरित कर दिया जाता है?
(1) स्थानांतरित DNA हमेशा उत्परिवर्तित होगा
(2) rDNA परपोषी DNA से स्वतंत्र होकर जीव की संतति कोशिकाओं में स्वायत्त रूप से प्रतिकृति बनाएगा
(3) बाहरी DNA किसी भी परिस्थिति में, प्रतिकृति के लिए हमेशा परपोषी कोशिका के जीनोम से जुड़ जाएगा
(4) यह तेजी से अपनी प्रतिकृति बनाएगा और विजातीय कोशिका अपघटन द्वारा मृत हो जाएगी

**173.** $\underline{\text{ B }}$ से अभिरंजित ऐगारोज जेल को UV प्रकाश से अनावृत्त करने पर DNA की चमकीली $\underline{\text{ A }}$ रंग की पट्टियाँ दिखाई पड़ती हैं। उस विकल्प का चयन कीजिए जो रिक्त स्थानों की पूर्ति **सही** से करता है।

| | A | B |
|---|---|---|
| (1) | गुलाबी | मेथिलीन ब्लू |
| (2) | नारंगी | इथीडियम ब्रोमाइड |
| (3) | नीले | X-गैल |
| (4) | पीले | ग्राम प्रभेद |

(1) (1)
(2) (2)
(3) (3)
(4) (4)

Aakash Medical|IIT-JEE|Foundations

**174.** DNA fragments get resolved according to their size in agarose gel electrophoresis through the sieving effect. The DNA fragments possess negative charge due to the
(1) Sugar moieties present in its structure
(2) Nitrogenous bases
(3) Phosphate moieties present in its structure
(4) Nucleosides

**175.** Match list I with list II

| | List I | | List II |
|---|---|---|---|
| (a) | Protoplast fusion | (i) | Totipotency |
| (b) | Plant tissue culture | (ii) | Pomato |
| (c) | Meristem culture | (iii) | Somaclones |
| (d) | Micropropagation | (iv) | Virus free plants |

Choose the **correct** answer from the options given below.
(1) (a)–(iv), (b)–(iii), (c)–(ii), (d)–(i)
(2) (a)–(iii), (b)–(iv), (c)–(ii), (d)–(i)
(3) (a)–(ii), (b)–(i), (c)–(iv), (d)–(iii)
(4) (a)–(iii), (b)–(iv), (c)–(i), (d)–(ii)

**176.** If we want to recover more copies of target (desired) DNA then it should be cloned in a vector having
(1) Large number of selectable markers
(2) Large number of cloning sites
(3) Many antibiotic resistance genes
(4) An Ori which supports high copy number

**177.** Which of the following mouth parts of cockroach are **unpaired**?
a. Maxilla
b. Mandible
c. Hypopharynx
d. Labrum
e. Labium
(1) a, b and e
(2) b, c and e
(3) c, d and e
(4) a, b and d

**178.** The second meiotic division of the mammalian secondary oocyte is completed
(1) In the Graafian follicle following the first maturation division
(2) Shortly after ovulation before the secondary oocyte makes entry into the fallopian tube
(3) After the secondary oocyte is penetrated by a sperm
(4) Until the nucleus of the sperm has fused with that of the secondary oocyte

**179.** Morula w.r.t. zygote in humans has
(1) Less cytoplasm, less DNA
(2) Equal cytoplasm, equal DNA
(3) More cytoplasm, more DNA
(4) Equal cytoplasm, more DNA

**180.** If we compare the heart of *Calotes* and *Corvus*, it will show/exhibit
a. Convergent evolution
b. Similar anatomical pattern
c. Different ancestral lineage
d. Homology
Select the correct option.
(1) a and c
(2) b and d
(3) b and c
(4) c and d

**174.** DNA खंडों को ऐगारोज जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस में छलनी प्रभाव के माध्यम से उनके आकार के आधार पर अलग करते हैं। DNA खंडों की गति __________पर ऋणावेश के गुण पर आधारित है।
(1) इसकी संरचना में उपस्थित शर्करा अर्धांश
(2) नाइट्रोजनी क्षार
(3) इसकी संरचना में उपस्थित फॉस्फेट अर्धांश
(4) न्यूक्लियोसाइड

**175.** सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (a) | प्रोटोप्लास्ट संलयन | (i) | पूर्णशक्तता |
| (b) | पादप ऊतक संवर्धन | (ii) | पोमेटो |
| (c) | विभज्योतक संवर्धन | (iii) | सोमाक्लोन |
| (d) | सूक्ष्मप्रवर्धन | (iv) | वायरस मुक्त पादप |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए।
(1) (a)–(iv), (b)–(iii), (c)–(ii), (d)–(i)
(2) (a)–(iii), (b)–(iv), (c)–(ii), (d)–(i)
(3) (a)–(ii), (b)–(i), (c)–(iv), (d)–(iii)
(4) (a)–(iii), (b)–(iv), (c)–(i), (d)–(ii)

**176.** यदि हम लक्ष्य (वांछित) DNA की अधिक प्रतियां प्राप्त करना चाहते हैं तो इसे एक ऐसे संवाहक में क्लोन किया जाना चाहिए जिसमें
(1) बड़ी संख्या में वरण योग्य चिह्नक हो
(2) बड़ी संख्या में क्लोनिंग स्थल हो
(3) कई प्रतिजैविक प्रतिरोधी जीन हो
(4) जिसमें एक *Ori* हो जो उच्च प्रतिलिपि संख्या का समर्थन करता हो

**177.** कॉकरोच का निम्नलिखित में से कौनसे मुखांग **अयुग्मित** होते हैं?
(a) मैक्सिला
(b) मेंडीबल
(c) अधोग्रसनी
(d) लेब्रम
(e) लेबियम
(1) a, b व e
(2) b, c व e
(3) c, d व e
(4) a, b व d

**178.** स्तनधारी के द्वितीयक अंडक का दूसरा अर्धसूत्री विभाजन पूर्ण हो जाता है
(1) पहले परिपक्वन विभाजन के बाद ग्राफी पुटक में
(2) अंडोत्सर्ग के तुरंत बाद, द्वितीयक अंडक की फैलोपियन नलिका में प्रवेश करने से पहले
(3) द्वितीयक अंडक में शुक्राणु के प्रवेश करने के बाद
(4) जब तक शुक्राणु का केंद्रक द्वितीयक अंडक के केंद्रक के साथ संलयित नहीं हो जाता

**179.** मानव युग्मनज के संदर्भ में मोरूला में होता है
(1) कम कोशिकाद्रव्य, कम DNA
(2) बराबर कोशिकाद्रव्य, बराबर DNA
(3) अधिक कोशिकाद्रव्य, अधिक DNA
(4) बराबर कोशिकाद्रव्य, अधिक DNA

**180.** यदि हम *कैलोट्स* और *कोर्वस* के हृदय की तुलना करें, तो यह प्रदर्शित करेगा/दर्शाएगा
a. अभिसारी विकास
b. समान शारीरिक संरचना
c. अलग-अलग पैतृक वंश
d. समजातता
**सही** विकल्प का चयन कीजिए।
(1) a और c
(2) b और d
(3) b और c
(4) c और d

Aakash Medical|IIT-JEE|Foundations